हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–260 : जौनपुर, सोमवार 24 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## कोरोना के खिलाफ शुरू हुआ प्रदेशव्यापी अभियान : घर–घर जाएगी टीम : सीएम योगी ने दिए निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : कोरोना की रोकथाम के उद्देश्य से सोमवार से एक महत्वपूर्ण अभियान प्रारम्भ हो रहा है। 29 जनवरी तक के इस प्रदेशव्यापी अभियान के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की टीम घर–घर दस्तक देंगी। लक्षणयुक्त और संदिग्ध मरीजों को निःशुल्क मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथने निर्देश दिया कि आवश्यकतनुसार लोगों के टेस्ट किए जाएं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण से वंचित लोगों को चिन्हित कर तत्काल उन्हें टीकाकवर दिया जाए। इसके अलावा नियमित टीकाकरण से छूट गए नवजात बच्चों की लाइन लिस्टिंग भी की जाए। परिवार के हर सदस्य के स्वास्थ्य का हाल–चाल लिया जाए। इस महत्वपूर्ण अभियान की शासन स्तर से दैनिक मॉनिटरिंग की जाए। उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटों में 01 लाख 86 हजार कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 11,159 नए कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इसी अवधि में 10,836 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन औए टीकाकरण कोरोना से बचाव का सबसे सहज माध



यम है। इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक कोविड टीके की 24 करोड़ 92 लाख से अधिक डोज लगाई जा चुकी है। यह देश के किसी एक राज्य में हुआ सर्वाधिक टेस्टिंग–टीकाकरण है। 18 वर्ष से अधिक उम्र के 97.78 फीसदी से अधिक लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है, जबकि 65 फीसदी से अधिक लोग कोविड टीके की दोनों डोज ले चुके हैं। 15–17 आयु वर्ग के हमारे 57 फीसदी से अधिक किशोर टीकाकवर से सुरक्षित हो गए हैं। इसी तरह प्री–कॉशन डोज के लिए पात्र लोगों में से 60 फीसदी को भी वैक्सीन लग चुकी है। यह स्थिति संतोषजनक है।

## चुनावी मौसम में इस तरह थकान पर नियंत्रण रखते हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : यूपी चुनाव के पहले चरण का मतदान 10 फरवरी को होना है। सरकार के किए गए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार दौरे कर रहे हैं। क्या योगीजी को तनाव या थकान होती है? इस पर मुख्यमंत्री कहते हैं कि तनाव और थकान, हम लोगों के जीवन में कोई महत्व नहीं रखता। क्योंकि जब ध्येय राष्ट्र आराधना का हो, हम केवल राष्ट्रधर्म का पालन ही अपना दायित्व मानते हैं। उसी पवित्र भाव के साथ हम काम कर रहे हैं। नियमित दिनचर्या, योगाभ्यास व प्राणायाम के जरिये थकान पर नियंत्रण रखते हैं। मुख्यमंत्री योगी यूपी चुनाव में भाजपा की जीत को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने यूपी के अंदर सुरक्षा, समृद्धि व सुशासन का जो मॉडल दिया है वह प्रत्येक व्यक्ति को भावनात्मक रूप से अपने साथ जोड़ता है। प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास के मंत्र को यूपी के प्रत्येक व्यक्ति ने अंगीकार किया है, जिसका लाभ भाजपा को इस चुनाव में भी प्राप्त होगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा प्रदेश की जनता को 300 यूनिट फ्री बिजली देने के वादे पर योगी ने कहा कि हर व्यक्ति जानता है कि सपा ने अपनी सरकार में प्रदेश को अंधेरे में रखा। सपा शासनकाल में बिजली बमुश्किल दो घंटे मिल पाती थी। हमारी सरकार प्रदेश के सभी 75 जिलों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति कर रही है। इसलिए, प्रदेश की जनता सपा के बहकावे में नहीं आने वाली है। कानून–व्यवस्था और कानून का राज है जीत का आधार मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यूपी की आवश्यकता थी बेहतरीन कानून–व्यवस्था और कानून का राज। जनता चाहती थी कि हिस्ट्रीशीटर थाना न संचालित करें। बेटियों की सुरक्षा के सामने कोई संकट न आने पाए। गरीबों, व्यापारियों व संभ्रांत व्यक्ति की संपत्ति पर कोई माफिया कब्जा न करने पाए। यह हमारा संकल्प था और इसे पूरा किया। यह हमारी जिम्मेदारी थी। इसे पूरी ईमानदारी से पूरा किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जनता का आभारी हूं कि उसने कानून–व्यवस्था की बेहतर स्थिति को सराहा। हमने राष्ट्रवाद, सुशासन व विकास के जिन मुद्दों को लेकर 2017 के पहले लोक कल्याण संकल्प पत्र जारी किया था, हम उस पर आज भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ अडिग हैं। उसी को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। एक–एक मुद्दे का समाधान किया और एक–एक वादे को पूरा कर दिखाया है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम हुआ है। सुशासन के लक्ष्य को पाने के प्रयास कर रहे हैं। किसानों को उनकी उपज का पूरा लाभ मिले, उनकी आय दोगुनी हो, गरीबों को मकान, शौचालय, रसोई गैस, फ्री राशन, विद्युत कनेक्शन व 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर देने जैसे काम हुए हैं।

## पीवी सिंधु ने जीता महिला एकल का खिताब : फाइनल में मालविका बंसोड़ को हराया

नई दिल्ली ब्यूरो : भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक चौंपियन पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में भारत की ही युवा शटलर मालविका बंसोड़ को हराया। रविवार को लखनऊ में खेले गए फाइनल में सिंधु ने मालविको को लगातार गेमों में 21–13, 21–16 से हराया। यह शीर्ष वरीयता प्राप्त सिंधु का दूसरा सैयद मोदी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 इवेंट खिताब है। इससे पहले उन्होंने यह टाइटल 2017 में जीता था। फाइनल मुकाबला 35 मिनट तक चला। साइना तीन बार जीत चुकी हैं खिताब सैयद मोदी इंटरनेशनल में महिला एकल में सबसे ज्यादा बार खिताब जीतने का रिकॉर्ड साइना नेहवाल के नाम है। साइना ने 2009, 2014 और 2015 में खिताब जीता था। वहीं, पुरुषों में चेतन आनंद (2009), पारुपल्ली कश्यप (2015), किदांबी श्रीकांत (2016) और समीर वर्मा (2017, 2018) एकल का खिताब जीत चुके हैं। मिक्स्ड डबल्स में जीते



ईशान और तनीषा वहीं, मिक्स्ड डबल्स में भारत के ईशान भटनागर और तनीषा क्रास्तो की जोड़ी ने खिताब अपने नाम किया। फाइनल में उन्होंने टी हेमा नागेंद्र और श्रीवेद्य की जोड़ी को 21–16, 21–12 से हराया। यह मुकाबला 29 मिनट तक चला। पुरुष एकल का फाइनल मुकाबला नहीं हो सका इससे पहले पुरुष एकल का मुकाबला कोरोना की वजह से नहीं हो सका। फाइनल से पहले एक खिलाड़ी कोरोना संक्रमित मिला था। इसके बाद आयोजकों ने इस मैच को नहीं कराया। विजेता की घोषणा बिना मैच के ही होगी। पुरुष एकल के फाइनल में फ्रांस के ही दो खिलाड़ी अर्नोड मर्केल और लुकस क्लेयरबॉट आमने–सामने थे।

## अभी और सताएगी ठंड : कई जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी : गरज–चमक के साथ बारिश के भी आसार

लखनऊ ब्यूरो : मौसम एक बार फिर बदलाव की ओर है, जहां पूर्वी यूपी को राहत मिलती दिख रही वहीं पश्चिमी यूपी के लिए विशेषज्ञ गलन भरे दिनों व घने कोहरे के आसार जता रहे हैं। कई जिलों के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। कई इलाकों में गरज–चमक के साथ बारिश के भी आसार हैं। रविवार को मौसम का मिला जुला असर देखने को मिला, कई इलाकों में अधिकतम तापमान 20 से लेकर 24.8 डिग्री के बीच दर्ज हुआ। ये वो इलाके हैं जहां कल तापमान 14 से लेकर 17 डिग्री था। जैसे शनिवार को अधिकतम तापमान 17.2 था, जबकि रविवार को ये 21.6 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह गोरखपुर में तापमान 16.6 के मुकाबले 21.3 डिग्री रहा। मेरठ में कोल्ड डे कंडीशन सक्रिय रही और ये 12.8 डिग्री दर्ज हुआ, जो सामान्य से 9.1 डिग्री कम रहा। इसी तरह मुजफ्फरनगर में 6 डिग्री न्यूनतम पारे केसाथ रात सबसे सर्द रही, यहां अधिकतम तापमान 13.9 डिग्री दर्ज हुआ। नजीबाबाद में रात और दिन का तापमान क्रमशः 8 और 13.5 रहा, बरेली में दिन का पारा 14.9 रहा और लखीमपुर खीरी में 14 डिग्री रहा, जो सामान्य से 8.1 डिग्री कम रहा। इन इलाकों में आज कोल्ड डे को लेकर अलर्ट सहारनपुर, आगरा, फिरोजाबाद, कासगंज, एटा, हाथरस, अलीगढ़, बुलंदशहर, जीबी नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बागपत, शामी, मुजफ्फरनगर, व आसपा। घने कोहरे की इन इलाकों के लिए चेतावनी आगरा, फिरोजाबाद मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर, कासगंज, एटा, हाथरस, अलीगढ़, बुलंदशहर, जीबी नगर, गाजियाबाद और आसपास।

## महिलाओं के बीच भाजपा का चेहरा होंगी अपर्णा अदिति और प्रियंका

लखनऊ ब्यूरो : सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू अपर्णा यादव, कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुईं विधायक अदिति सिंह और कांग्रेस की पोस्टर गर्ल रही प्रियंका मौर्य महिलाओं के बीच भाजपा का चेहरा होंगी। अपर्णा, अदिति और प्रियंका ने रविवार से भाजपा के प्रचार अभियान की शुरुआत भी कर दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और प्रदेश महामंत्री गोविंद शुक्ला की मौजूदगी भाजपा मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में अपर्णा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनेगी तो देश और प्रदेश की तरक्की के साथ बहू बेटियां सुरक्षित रहेंगी। उन्होंने दोहराया कि उनके लिए परिवार से पहले राष्ट्रवाद है, इसलिए वे भाजपा से जुड़ी हैं। अदिति सिंह ने कहा कि मोदी–योगी सरकार की योजनाओं से महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण मिला है। पीएम आवास योजना, सौभाग्य योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण सहित अन्य योजनाओं का सबसे अधिक लाभ महिलाओं को ही मिला है। प्रियंका मौर्य ने कहा कि भाजपा में महिलाओं का




सम्मान सर्वोपरि है। भाजपा किसी एक व्यक्ति की पार्टी नहीं है, बल्कि सभी वर्गों, धर्मों के लोगों से मिलकर बनी है। इसके बाद तीनों महिला नेताओं ने लालबाग में डोर टू डोर प्रचार शुरू किया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि विपक्षी दलों से आई महिलाओं को चेहरा बनाकर भाजपा विपक्षी दलों को घेरने का प्रयास कर रही है, वहीं आधी आबादी को संदेश देने की कोशिश कर रही है कि भाजपा ही महिलाओं की हितैषी है। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी संजय मयूख, महिला मोर्चा की ममता पांडेय, मनीष दीक्षित और हिमांशु दुबे भी मौजूद थे।

## टीईटी परीक्षा के दौरान आठ गिरफ्तार : अंबेडकरनगर अमेठी और सुल्तानपुर से दबोचे गए साल्वर गैंग के सदस्य और मुन्नाभाई

लखनऊ ब्यूरो : अवध के विभिन्न जनपदों में टीईटी परीक्षा के दौरान रविवार को पांच को दबोचा गया। अंबेडकरनगर में टीईटी परीक्षा में रविवार को साल्वर गैंग के तीन सदस्य परीक्षा देते हुए पकड़ लिए गए। इनमें दो युवक जबकि एक युवती शामिल है। एक युवती को ब्लूटूथ डिवॉयस का प्रयोग कर परीक्षा में नकल करते पकड़ा गया, जबकि एक अन्य युवती को एक अन्य परीक्षार्थी की सीट पर परीक्षा देते हुए पकड़ लिया गया। पुलिस ने सभी पांच आरोपियों को हिरासत में लेकर केस दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की पूछताछ में साल्वर गैंग के सदस्यों ने बताया कि अभ्यर्थियों से उनके पेपर हल करने के नाम पर 3 लाख रुपये मिलने थे। इनमें से 1 लाख रुपये का अग्रिम भुगतान हो गया था। एसपी ने बताया कि आरोपियों से सघन पूछताछ की जा रही है। अमेठी जिले में रविवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा में एक परीक्षार्थी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के सहारे नकल करते पकड़ा गया। शिव प्रताप इंटर कॉलेज के कक्ष संख्या आठ में परीक्षार्थी के नकल करते पकड़े जाने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे अफसरों ने परीक्षार्थी को हिरासत में लेते हुए परीक्षा समाप्ति तक केंद्र में अपने साथ रखा। परीक्षा समाप्त होने के बाद अभिरक्षा में सीएचसी ले जाकर डिवाइस निकलवाने के बाद पुलिस ने प्रधानाचार्य की तहरीर पर केस दर्ज किया है। दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के आरोप में पकड़े दो अभ्यर्थी। सुल्तानपुर के कादीपुर के नेशनल इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र में सुबह की पाली में एक परीक्षार्थी को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के आरोप में पकड़ा गया। मो. अबरार के स्थान पर मो. अकबर परीक्षा दे रहा था। प्रधानाचार्य डॉ. केडी सिंह की सूचना पर पहुंची कादीपुर कोतवाली पुलिस ने अभ्यर्थी को अपनी अभिरक्षा में लिया है। वहीं सुल्तानपुर के लंभुआ में दूसरे के नाम पर परीक्षा देती मिली छात्रा पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। सर्वोदय इंटर कॉलेज में शिक्षक पात्रता परीक्षा की दूसरी पाली में एक छात्रा के नाम में अंतर पाया गया। परीक्षा दे रही छात्रा के पास मौजूद सभी परिचय पत्रों पर सुमन पुत्री मंशाराम दर्ज था। फोटो भी सुमन की थी। एसडीएम महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नाम में विभेद के चलते उसकी कॉपी को अलग से जांच के लिए भेजा जा रहा है। उधर, केंद्र व्यवस्थापक डॉ. गुलाब सिंह ने बताया कि जांच पत्र व परीक्षार्थी के परिचय पत्र मेल नहीं खा रहे हैं। इस मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रधानाचार्य के नेतृत्व में विद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली

आर एल पाण्डेय लखनऊ। जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ तथा जिला चुनाव निर्वाचन कार्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की जो श्रंखला गतिमान है उसी के क्रम में आज दिनांक 24 जनवरी 2022 को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत खालसा इंटर कॉलेज के छात्रों एवं विद्यालय के एनसीसी कैडेट व उनके अभिभावकों से संपर्क स्थापित किया गया तथा उनको मतदान करने तथा लोकतंत्र के इस पर्व को मनाने के लिए प्रेरित भी किया गया मतदान करने से संबंधित उनकी समस्याओं का समाधान तथा नोटा के विषय में बड़े ही विस्तृत रूप से उनको बताया गया। कार्यक्रम का संचालन खालसा इंटर कॉलेज लखनऊ के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सरदार वीरेंद्र सिंह जी द्वारा किया गया प्रधानाचार्य जी के नेतृत्व में विद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने



मतदाता जागरूकता की शपथ ली। शपथ समारोह में अधिकारी के रूप में कॉलेज के प्रबंधक व लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा जी भी उपस्थित हुए। विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम में पूर्ण रूप से सहभागिता दिखाई।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

### जौनपुर पुलिस ने किया गणतंत्र दिवस परेड का ग्रैंड रिहर्सल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 24.01.2022 को आगामी 26 जनवरी/गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर होने वाली भव्य रैतिक परेड समारोह के परिपेक्ष्य में पुलिस लाइन्स के परेड ग्राउंड पर जनपद के



पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण द्वारा किए जाने वाले गणतंत्र दिवस परेड का ग्रैंड रिहर्सल किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया तथा शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त रिजर्व पुलिस लाइन जौनपुर में गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### महिला कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से मनाया गया

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम वर्चुअल/(ऑनलाइन) माध्यम से मनाया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार द्वारा बच्चियों व महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि बालक–बालिका प्रकृति के दो ऐसे उपहार हैं जिनके द्वारा हमारे समाज की उन्नति और प्रगति प्रशस्त होती है यही भावी जीवन की आधारशिला है। इसी क्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिका आदर्श वर्मा द्वारा बेटियों को सर्मपित करते हुए एक प्यारा सा गीत गाया गया। नारी चेतना फाउंडेशन की डायरेक्टर मुन्नी बेगम द्वारा महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता, हौसला ही सब कुछ होता है, उन्हें पहले स्वयं को परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार करना होता है तब जाकर परिस्थितियां उनके अनुकूल बनती है। तत्पश्चात राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा सुप्रिया, रुकमणी, श्रुति, सोनम कुमारी व अंजलि मौर्या द्वारा स्लोगन, कविताएं व गीत गाए गए। छात्रा अंशिका द्वारा बालक और बालिकाओं की विभिन्नता पर चर्चा करते हुए लोगों को जागरूक किया गया कि बेटियों के साथ–साथ सभी लोग अपने बेटे को भी उसी प्रकार की नैतिक शिक्षा दें तो काफी स्तर पर अपराध को रोका जा सकता है। प्राथमिक विद्यालय लिलहा चोरसंड धर्मापुर की शिक्षिका ज्योति सिंह द्वारा अपने विद्यालय के बालिकाओं द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स को वर्चुअल के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य अंजू पाठक, अनिल यादव, महिला कल्याण अधिकारी नीता वर्मा, जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह, बबिता, नारी चेतना फाउंडेशन के डायरेक्टर, अतुलिका वेलफेयर फाउंडेशन, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिका आदर्श वर्मा तथा अन्य सदस्य व बालिकाओं द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### पुलिस अधीक्षक ने कियाथाना लाइन बाजार का वार्षिक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक–24.01.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर, डां संजय कुमार द्वारा थाना लाइन बाजार का वार्षिक निरीक्षण कर थाने की बैरिक,मालखाना,शस्त्रागृह,कार्यालय



अभिलेख,हवालात, महिला हेल्पडेस्क व थाना इमारत का जायजा लिया गया साथ ही हिस्ट्रीशीटरों व सक्रिय अपराधियों की चेकिंग तथा रजिस्टर में प्रविष्टि अंकित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसी क्रम में आगामी चुनाव के दृष्टिगत क्रिटिकल मतदान केंद्रों का भ्रमण किए जाने व अराजक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अपनीं निंदा को धैर्य से सुनना चाहिए, यह साबुन का काम करती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# रणनीतिक : ओलंपिक के बहिष्कार का मतलब

यह संयोग ही है कि सोवियत संघ के बाद एक और ताकतवर कम्युनिस्ट देश अमेरिका के निशाने पर है। अमेरिका ने शीतकालीन ओलंपिक के बहिष्कार का फैसला तब लिया, जब एक चीनी टेनिस सितारे पेंग शुआई ने एक पूर्व शीर्ष चीनी अधिकारी पर यौन शोषण का आरोप लगाया।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा चीन में आयोजित होने जा रहे विंटर ओलंपिक के रणनीतिक बहिष्कार के फैसले से ज्यादा कुछ हासिल नहीं होने वाला। इतिहास बताता है कि ओलंपिक खेलों के बहिष्कार का फैसला कारगर नहीं होता। वर्ष 1956 में हंगरी पर सोवियत हमले के विरोध में स्पेन, स्विट्जरलैंड और नीदरलैंड द्वारा ओलंपिक के बहिष्कार को दुनिया देख चुकी है, जबकि रूसी हमले का भू–राजनीतिक असर मामूली ही था। ऐसे ही वर्ष 1979 में अफगानिस्तान पर सोवियत हमले के विरोध में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने 1980 के मास्को ओलंपिक का बहिष्कार किया था।

लेकिन तब अमेरिका के ज्यादातर यूरोपीय सहयोगियों ने महाशक्ति देश का साथ नहीं दिया था। अमेरिकी बहिष्कार का नुकसान यह भी हुआ था कि उसके एथलीट स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने से वंचित रह गए। अमेरिका ने तब सोवियत संघ के सामने अफगानिस्तान से हटने की समय सीमा भी रखी थी, लेकिन मास्को ने उसकी परवाह नहीं की। अमेरिकी प्रतिक्रिया में सोवियत संघ ने दर्जन भर से अधिक देशों के साथ 1984 के लास एंजेलिस ओलंपिक का बहिष्कार किया था।

दूसरी तरफ चीन कोविड–19 के बीच ओलंपिक के आयोजन में भारी प्रक्रियागत सख्ती का परिचय देने जा रहा है। आगामी चार से 20 फरवरी तक होने जा रहे ओलंपिक में वित्तपोषकों, आयोजकों और खिलाड़ियों को संक्रमण के खतरे से दूर रखा जाएगा। चीन ने उस कार्ययोजना को अंतिम रूप दे दिया है, जिसके तहत खेलों से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों, सफाई कर्मचारियों, रसोइयों और प्रशिक्षकों को कई सप्ताह तक एक साथ रहना पड़ेगा और उनका बाहरी दुनिया से कोई संपर्क नहीं होगा। भारत ने विंटर ओलंपिक का समर्थन किया है, पर इसका प्रतीकात्मक महत्व ही है।

कश्मीर के स्काइर आरिफ खान इस ओलंपिक में भारत के एकलौते प्रतिभागी होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी बहिष्कार के फैसले के व्यापक नतीजे हो सकते हैं, और इससे बाइडन को दो मोर्चे पर लाभ मिल सकता है। एक तो इससे चीन के मानवाधिकार हनन के रिकॉर्ड को दुनिया के सामने लाया जा सकता है। आखिर उइघुरों के प्रति उसके रवैये के बारे में दुनिया को पता ही है। फिर चूंकि इस बहिष्कार में सिर्फ अधिकारी शामिल हैं, खिलाड़ी नहीं, लिहाजा इससे चीन की छवि को ज्यादा नुकसान तो नहीं होगा, लेकिन अपने दमनात्मक रवैये के कारण उसकी कमोबेश किरकिरी हो भी, तो हैरानी नहीं।

हालांकि अभी तक बहिष्कार के बाइडन के आह्वान का ज्यादा असर नहीं दिखा है, क्योंकि ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और कोसोवो ने ही बीजिंग में अपने अधिकारी न भेजने का फैसला लिया है। जापान भी हालांकि अपने अधिकारियों को नहीं भेज रहा, पर इस फैसले को 'बहिष्कार' कहने से वह बच रहा है। लेकिन यह तो तय है कि बाइडन के इस फैसले से अमेरिका और चीन के बीच बनी खाई और गहरी होगी, और क्या पता कि इसके जवाब में बीजिंग 2028 में मैक्सिको सिटी में होने वाले समर ओलंपिक के बहिष्कार का फैसला ले!

इस तथ्य की भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि शिंजियांग प्रांत में उइघुरों के दमन के कारण अपने खेल अधिकारियों को बीजिंग न भेजने का बाइडन का फैसला रक्षात्मक ही है। अलबत्ता ओलंपिक से पहले कुछ और देश अगर अमेरिका के साथ हो जाएं, तो इससे चीन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। रिपोर्टें हैं कि बीजिंग ने शिंजियांग में 10 लाख से अधिक उइघुरों को कैंपों और जेलों में बंद कर रखा है, और बंदियों के बच्चों को भी यातना दी जा रही है। चीन ने न सिर्फ इन्हें तथ्यहीन आरोप बताया है, बल्कि उसका कहना है कि अमेरिका समेत ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया को इस बहिष्कार की कीमत चुकानी पड़ेगी।

यह संयोग ही है कि सोवियत संघ के बाद एक और ताकतवर कम्युनिस्ट देश अमेरिका के निशाने पर है। अमेरिका ने शीतकालीन ओलंपिक के बहिष्कार का फैसला तब लिया, जब एक चीनी टेनिस सितारे पेंग शुआई ने एक पूर्व शीर्ष चीनी अधिकारी पर यौन शोषण का आरोप लगाया। उसकी शिकायतों को इंटरनेट से तत्काल हटा लिया गया, और पेंग शुआई गायब भी हो गईं। इस पर दुनिया भर के एथलीटों ने 'पेंग शुआई कहां हैं,' शीर्षक से अभियान चलाना शुरू किया। बाद में पेंग शुआई कुछ वीडियोज में देखी गईं, जिन्हें वहां के सरकारी मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने ट्विटर पर साझा किया था।

इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी का कहना है कि उसने पेंग शुआई को दो बार बुलाया था, जबकि लोगों का कहना है कि वह कितनी आजादी के साथ अपनी बात रख पाई होंगी, इस पर संदेह है। एक अमेरिकी ओलंपिक एथलीट इवान बेट्स ने अपने स्केटिंग पार्टनर मेडिसन चोक के साथ तमाम एथलीटों की तरफ से इस घटना पर सख्त टिप्पणी की है। उनका कहना है कि यह मानवाधिकार हनन का तो घटिया उदाहरण है ही, इससे मानवता भी तार–तार हुई है।

गौरतलब है कि 180 से अधिक मानवाधिकार संगठन समूहों के अलावा अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों ने उइघुरों के प्रति बीजिंग के व्यवहार और हांगकांग में अभिव्यक्ति स्वतंत्रता पर हमले की तीखी आलोचना की है। जाहिर है, अमेरिका ने इसे विंटर ओलंपिक के बहिष्कार की वजह बनाया, और दुनिया भर में चीन के अधिनायकवादी रवैये की आलोचना होनी तय है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी का कहना है कि कुछ देशों द्वारा बहिष्कार करने के बावजूद शीतकालीन ओलंपिक पर इसका कोई असर नहीं पड़ने वाला, इसका आयोजन उसी उत्साह के साथ होगा।

दरअसल ओलंपिक कमेटी विंटर ओलंपिक के समय पर आयोजन को लेकर सतर्क है, क्योंकि कोविड के कारण जापान में समर ओलंपिक के आयोजन को आगे खिसकाना पड़ा था। अमेरिका और दूसरे कुछ देशों के बहिष्कार के आह्वान का भले ही चीन में आयोजित होने जा रहे विंटर ओलंपिक पर बहुत ज्यादा असर न पड़े, लेकिन इससे भी इनकार नहीं कि अमेरिका और चीन के बीच की कड़वी प्रतिद्वंद्विता की पृष्ठभूमि में इस फैसले से दोनों के रिश्ते आगे और प्रभावित होंगे। और भले ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी बहिष्कार के आह्वान को असरकारी न मानती हो, लेकिन इससे मानवाधिकार के मोर्चे पर चीन की पहले से खराब छवि कुछ और धूमिल हो, तो आश्चर्य नहीं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# महानायक थे नेताजी सुभाष चंद्र बोस

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारत के महान सपूत महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। नेता जी आजीवन स्वाधीनता संघर्ष ,युद्ध तथा सैन्य संगठन में रत रहे। सुभाष बाबू के जीवन पर स्वामी विवेकानंद, उनके गुरू स्वामी रामकृष्ण परमहंस तथा महर्षि अरविंद के गहन दर्शन और उच्च भावना का प्रभाव था । नेता जी ऋषि अरविंद की पत्रिका आर्य को बहुत ही लगाव से पढ़ते थे। पिताजी की इच्छा का निर्वाहन करते हुए उन्होनें उन दिनों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण परीक्षा आईसीएस में बैठने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया तथा मात्र आठ माह में ही परीक्षा उत्तीर्ण कर ली किंतु राष्ट्रीय भाव के चलते उन्होनें आईसीएस की नौकरी का परित्याग करके एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। तब तक आइसीएस के इतिहास में किसी भारतीय ने ऐसा नहीं किया था। युवा सुभाष 16 जुलाई 1921 को बम्बई में महात्मा गांधी से उनके आवास पर मिले। सुभाष सार्वजनिक जीवन में प्रवेश कर रहे थे और उस नेता से मिलना चाहते थे जिसने सम्पूर्ण देश में अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन चला रखा था। गांधी जी ने सुभाष को कलकत्ता पहुंचकर देशबंधु चितरंजन दास से मिलने का सुझाव दिया। जिसे उन्होनें स्वीकार कर लिया। उस समय देश में गांधी जी के नेतृत्व में असहयोग की लहर थी तथा अंग्रेजी वस्त्रों का बहिष्कार, विधानसभा, अदालतों एवं शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार भी इसमें शामिल था। सुभाष ने इस युद्ध में कूदने का निश्चय किया और असहयोग का का नेतृत्व करने लगे । अंग्रेज अधिकारी आंदोलन के स्वरूप को देखकर घबरा गये। उन्होंने सुभाष को साथियों सहित 10 दिसंबर 1921 को संध्या समय गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया । एक वर्ष बाद उन्हें जेल से मुक्ति मिली। किन्तु जल्द ही क्रांतिकारी षड़यंत्र का आरोप लगाकर अंग्रेजों ने सुभाष को मांडले जेल भेज दिया। दो वर्ष पश्चात सुभाष को मांडले से कलकत्ता लाया गया जहां उन्हें स्वास्थ्य के आधार पर मुक्त कर दिया गया। सुभाष ने कांग्रेस का प्रथम नेतृत्व 30 वर्ष की आयु में किया जब वे बंगाल प्रांतीय कमेटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जनवरी 1938 को जब वे विदेश यात्रा पर थे तब उन्हें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। जो देश की ओर से किसी भारतीय को दिया जाने वाला उच्चतम पद था। उस समय वे मात्र 41 वर्ष के थे। कांग्रेस का नेतृत्व ग्रहण करने पर भारतीय इतिहास एवं सुभाष के जीवन में नया मोड़ आया। गांधीजी ने सीतारमैया को चाहते थे अतः गांधीजी की इच्छा को ध्यान में रखते हुए सुभाष ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और फारवर्ड ब्लाक नामक अग्रगामी दल की स्थापना की। सुभाष हिंदू – मुस्लिम एकता की समस्या पर जिन्ना के साथ बातचीत करके वीर सावरकर के सदन पहुंच गये। सुभाष का वीर सावरकर के घर पहुंचना एक ऐतिहासिक घटना थी। अभिनव भारत में इस वृतांत का वर्णन किया है। जिसमें उन्होनें सुभाष को सषस्त्र संघर्ष के नेतृत्व की कमान को संभालने के विचार से अवगत कराया है। सावरकर के विचारों को ध्यानपूर्वक ग्रहण करने के बाद दो मास की अनिवर्चनीय कठिनाइयों एवं गोपनीयता दुविधा, चिंता और शारीरिक कष्टों को झेलते हुए विभिन्न रास्ते पार करते हुए 1941 में अप्रैल माह में मास्को होते हुए बर्लिन पहुंचे। नौ माह बाद जर्मनी रेडियो से उन्होनें भारतीयों को संबोधित किया तब यह रहस्य खुला कि वे भारत से काफी दूर पहुंच चुके है। उस समय भारत एवं जर्मनी के मध्य उच्चस्तरीय संबंध स्थापित हो चुके थे। जर्मनी ने सुभाष को अंग्रेजों से लड़ने के लिये सभी प्रकार की गतिविधियों को चलाने एवं उनकी सहायता करने की छूट दे दी थी। सुभाष बोस ने जर्मनी पहुंचते ही स्वातंत्र्य योद्धाओं की परिषद के सहयोग एवं रास बिहारी बोस की अध्यक्षता से आजाद हिंद सरकार गठित की जिसे जापान, जर्मनी, ब्रहम्देष, फिलीपिंस, आइरिश रिपब्लिक, मंचूरिया तथा इटली ने सहायता दी। अब भारत की मुक्ति के लिये सैनिक अभ्यास की तैयारी शुरू हो गयी। फरवरी 1944 में भारत और जापान ने संयुक्त अभियान बर्मा के जंगलों में प्रारम्भ कर दिया । अनेक दुर्गम और जोखिमपूर्ण पड़ावों को पार करते हुए आजाद हिंद फौज ने मार्च में भारतीय सीमा में प्रवेश कर लिया। किंतु उन्हें वापस लौटना पड़ा। नेताजी ने अथक परिश्रम करके सैनिक कार्यवाही की बारीकियों को समझा । अभियान की असफलता के पश्चात सैनिकों का मनाबेल बढ़ाने के लिये भारतीयों का विशेष ध्यान रखना पड़ता था। 15 अगस्त 1945 को अमेरिका द्वारा हिरोशिमा एवं नागासकी में परमाणु बम गिराये जाने के बाद जापान की पराजय का समाचार प्राप्त हुआ। अतः नेताजी एवं उनके मंत्रिमंडल में एकमत होकर यह निश्चय किया और अगले दिन प्रातः सिंगापुर, बैंकाक होते हुए रूस अधिकृत क्षेत्र मंचूरिया पहुंच गये। दिन में उन्होनें कर्नल स्ट्रेसी को को बुलाया और स्पष्ट निर्देश दिये कि वे सिंगापुर में समुद्र के किनारे आजाद हिंद फौज स्मारक का निर्माण शीघ्रता से प्रारम्भ करें। 16 अगस्त का प्रातःकाल होने वाला था। नेताजी उठे और शीघ्रता से अपना कुछ निजी सामान और वस्त्रों को संभाला और उस यात्रा के लिये तैयार हुए जिसे वे अज्ञात लक्ष्य की ओर अभियान कह रहे थे। 17 अगस्त 1945 को प्रातः नेताजी बैंकांक हवाई अडडे के लिये लोगों से विदाई लेकर चले। 22 अगस्त 1945 को टोक्यो रेडियो से हुए प्रसारण में फारमोसा द्वीप में हुई वायुयान दुर्घटना में नेताजी की मृत्यु का समाचार सुनकर सम्पूर्ण विश्व स्तब्ध रह गया। लेकिन उनकी यह मौत अभी भी रहस्य की चादरों पर लिपटी हुई है। आजाद हिंद फौज की अमर कहानी भारत के स्वाधीनता संग्राम में आजाद हिंद फौज के योगदान की अमर कहानी अभी लिखी जानी शेष है। अंग्रेजी शासनकाल में 1857 के जिस युद्ध को सिपाही विद्रोह कहा जाता था आज इसे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा जाता है।1942 में सुभाष चन्द्र बोस ने आजाहिंद फौज गठित करके पुनः युद्ध घोष बजाया था। इस दूसरे युद्ध को लेकर इतिहासकारों में मतभेद है। 1857 के युद्ध में विफल हो जाने के बाद अंग्रेजों ने अत्यंत कठोर दमन चक्र चलाया था। हजारें लोगों को फांसी दी गयी थी। संगठित सेना के अभाव में युवकों ने छोटे मोटे दल बनाकर अंग्रेजों को दण्डित करना प्रारम्भ किया। शस्त्र प्राप्त करने के लिये कई युवक विदेशों में गये। क्रांतिकारी बने। यह श्रृंखला चलती रही। क्रांतिकारियों के बलिदान से स्वाधीनता संग्राम की ज्योति निरंतर जलती रही । 1939 में यूरोप और उत्तरी अफ्रीका में यूरोपीय देशों के बीच युद्ध छिड़ गया। जिसमें अंग्रेजों की एक के बाद एक हार होने लगी थी। इस युद्ध में शामिल अनेक भरतीय सैनिक बंदी बनाये गये । तब नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने बंदी सैनिकों से सम्पर्क करके स्वाधीनता संग्राम हेतु एक सेना का गठन करने का प्रयास करने का निर्णय लिया। इन दिनों सुभाष अपने घर में ही नजरबंद थे। 1941 में एक दिन अंग्रेजों को चकमा देकर घर से निकल गये और कठिन मार्ग तय करते हुये बर्लिन जा पहुचे। वहां जर्मनी और इटली की सहायता से उन्होनें भारतीय युद्ध बंदियों से सम्पर्क किया। देखते ही देखते उन्होनें एक सेना खड़ी कर ली। लेकिन जर्मनी और रूस के बीच युद्ध छिड़ जाने से यहां पर उनकी प्रारम्भिक योजना फेल हो गयी। कुछ समय बाद विभिन्न अवरोधो और घटनाओं के बीच जून 1943 में वे पूर्वी एशिया पहुंचे। सबसे पहले वह टौक्यो गये। वहां जापानी प्रधानमंत्री जनरल तोजो ने उनकी सभी शर्तों को मान लिया और जापानी संसद में भारत की स्वतंत्रता के लिये पूर्ण और बिना शर्तसमर्थन की घोषणा की। 21 अक्टूबर 1943 को सिंगापुर में आजाद हिंद फौज के अस्थायी सरकार का औपचारिक शपथ ग्रहण हुआ। अब आजाद हिंद फौज ने युद्ध के लिये प्रयास प्रारम्भ कर दिया। नयी सेना में महिलाओं की रानी लक्ष्मीबाई रेजीमेंट तो थी ही किशोरों के लिये आजाद हिंद बाल सेना की शाखा भी खोली गयी थी। उनका नियमित प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गया था। इस नयी सेना में लोगों का प्रवेश नेताजी की अनुमति से ही होता था। इस नयी फौज का नारा "जय हिंद" सम्पूर्ण भारत का नारा हो गया था। 23– 24 अक्टूबर की रात्रि को आजाद हिंद सरकार ने ब्रिटेन और अमेरिका के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया। सेना को सिंगापुर से रंगून भेजा जाने लगा। रंगून में सेना का सर्वोच्च मुख्यालय स्थापित किया गया। अस्थायी सरकार का मुख्यालय भी रंगून में स्थपित किया गया। जनवरी 1944 तक प्रथम डिवीजन रंगून पहुंच गयी। रानी झांसी रेजीमेंट और बाल सेना की शाखा में गुप्तचर सेवा के सैनिक भी थे। नेताजी ने इस कार्यदल का पुर्नगठन करके इसका संचालन अपने ही आधीन रखा। इसके सैनिक शत्रु की सेना व क्षेत्रों में घुसकर काम करते थे। ब्रिटिष सरकार इन्हें शत्रु का एजेंट कहती थी। जब यह सैनिक पकड़ लिये जाते थे तब इन्हें कठोर यातना सहनी पड़ती थी। इन सैनिकों के बलिदान की पूरी कहानी का पता लगाना बेहद कठिन काम है। ब्रिटिश सरकार और उनके सैनिकों में भय पैदा करने का काम इन्होनें बखूबी किया।आजाद हिंद फौज के सैनिक गुरिल्ला युद्ध में भी निपुण हो गये थे जिसके कारण भी अंग्रेज सैनिकों में भय व्याप्त हो गया था। इन सभी दबावों का परिणाम था कि अंततः अंग्रेजों को भारत को स्वतंत्र करना ही पड़ा। आजाद हिंद फौज को यदि महात्मा गांधी और तत्कालीन कांग्रेस पार्टी का भरपूर साथ मिला होता तो भारत को आजादी बहुत समय पहले ही मिल गयी होती। कर्नल मलिक के नेतृत्व में आजाद हिंद के सैनिक पूरी वीरता और दमखम के साथ युद्ध करते हुए आगे बढ़ रहे थे। 18 अप्रैल 1944 में मोईरंग में अपना झंडा गाड़ दिया। आजाद हिंद की फौज ने इम्फाल को चारों ओर से घेर लिया था। यहां पर ब्रिटिश सेना आत्मसर्पण करने वाली थी लेकिन उन्हें तभी खबर मिली की कि यहां पर आजाद हिंद फौज के पास रसद समाप्त हो चुकी है और हथियारों की भी कमी हो गयी है तभी ब्रिटिश सेना के लिए नयी कुमुक भेजी गयी।अचानक बढ़े हमले के कारण आजाद हिंद फौज के अनैकों सैनिक मारे गये। बहुत से सैनिक बंदी बना लिये गये। स्वतंत्रता के लिए के इतिहास में आजाद हिंद फौज एक सुनहरा अध्याय बन गयी। युद्ध समाप्ति होने के बाद जब आजाद हिंद फौज की पूरी कहानी देशवासियों को प्राप्त हुयी तो उसके सैनिकों के प्रति श्रद्धा और सम्मान के प्रति लहर दौड़ गयी। सारा देश जयहिंद और दिल्ली चलो के नारों से गूंज उठा था। ब्रिटिश भारतीय सेना के अफसर भी इससे अछूते नहीं रहे। वे आजाद हिंद फौज के सैनिकों को दण्डित करने का विरोध करने लग गये।अंग्रेज जान गये कि अब वे ब्रिटिश भारतीय सेना के बल पर भारत पर अधिक समय तक राज नहीं कर सकेंगे। उस समय देश में नेताजी और आजाद हिंद फौज के प्रति सहानुभूति की व्यापक लहर दौड़ रही थी। दमनचक्र के बावजूद देशवासियों का जोश, उत्साह व उमंग देखते ही बन रहा था। ब्रिटिश सरकार डर गयी थी। आजाद हिंद फौज ने जिस प्रकार से देशका वातावरण बनाया उससे अंग्रेजों को साफ पता चल गया था कि अब यहां अधिक समय तक रहा नहीं जा सकता आजाद हिंद फौज का देश की आजादी में अप्रतिम योगदान है जिसे भुलाया नही जा सकता। देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस को सम्मान देने के लिए वर्तमान केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए गणतंत्र दिवस समारोह का शुभारंभ 23 जनवरी से ही करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह एक क्रांतिकारी कदम है और इससे देशवासियों को नेता जी के विषय में और अधिक जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के आदर्शों और संदेशों के साथ द्वितीय विश्व युद्ध में उनकी अहम भूमिका को किया याद

आर एल पाण्डेय लखनऊ। पराक्रम दिवस 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती चौधरी मैरिज लॉन श्याम नगर, कानपुर में हर्षोल्लास के साथ पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कानपुर प्रांत से ले. कर्नल बृजपाल सिंह राठौर(अध्यक्ष), मेजर बीरेंद्र सिंह तोमर (संगठन मंत्री), सूबेदार मेजर पुष्पेंद्र सिंह भदौरिया(महामंत्री), मानद कैप्टन महेशसिंह (कोषाध्यक्ष), कानपुर इकाई के सूबेदार हर मोहन सिंह (अध्यक्ष) के साथ उनके पदाधिकारी और काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे'। सर्वप्रथम क्रमशः प्रांत के अध्यक्ष, संगठन मंत्री और महासचिव ने दीप प्रज्वलन और नेताजी के श्री चरणों में पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के आदर्शों और संदेशों के साथ द्वितीय विश्व युद्ध में उनकी अहम भूमिका का व्याख्यान सभी को स्मारण कराया और पुष्पांजलि कार्यक्रम के अंतिम क्षणों में राष्ट्रीय गीत के उपरांत समापन हुआ। नेता जी के जयंती कार्यक्रम स्थल से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् कानपुर प्रांत और



जिला इकाई के सभी पदाधिकारी और सदस्य कानपुर शहीद कैप्टन अभिषेक मिश्रा के निवास – आदर्श विहार मंगला विहार । कानपुर उनकी धर्मपत्नी कैप्टन श्रीलेखा मिश्रा, पिता मास्टर वारंट ऑफिसर ओ एस मिश्रा संपर्क सूत्र (4715845451) और माता जी से मिलकर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण – पुष्पांजलि के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि और मौनव्रत के उपरांत शहीद परिवार को सांत्वना दिलाते हुए अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद् आपके साथ हमेशा खड़ा है। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती और शहीद कैप्टन अभिषेक मिश्रा के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

# बेमौसम हुई बारिश से सरसों आलू चना मटर और गेंहू में होगा नुकसान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बेमौसम हुई बारिश तेज हवाओं तथा कोहरा और पाला गिरने से अधिकतर फसलों में नुकसान होने की संभावना है। फसलें तैयार हैं लेकिन बारिश और पाला गिरने से अब उनके पकने में देरी होने से अगली फसल की बुआई में देरी ही सकती है। इससे फसलों के उत्पादन पर असर पड़ने से किसानों को आर्थिक नुकसान भी होगा। कृषी विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ दीपक कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बेमौसम हुई बरसात से आलू की फसल में नुकसान होने की संभावना है। आलू की फसल तैयार है। खेत में पानी भर जाने से फसल के सड़ने का खतरा है यदि खेत में पानी भरा हो तो किसान पानी को तुरन्त निकाल दे। जो आलू की फसल तैयार हो रही है, पाला पड़ने से उसमें रोग लग सकता है। किसान फसल को देखते रहे। रोग लगने की स्थित में विशेषज्ञ द्वारा जानकारी कर दवा का प्रयोग फसल में करें। सरसों की फसल भी तैयार है और पकने की कगार पर है। बारिस और तेज हवाओं के कारण फसल खेत में गिर गई है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने के साथ ही फसल के देर से पकने के आसार बन गए है। देर से सरसों की फसल कटने से अगली फसल की बुआई भी देर से हो सकेगी। सरसों जो



पिछेती बोई गई है, बारिश से उसका फूल झड़ जाने से, कोहरा और पाला पड़ने से उत्पादन कम हो सकता है, फसल में रोग भी लग सकता है। कृषी विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ दीपक कुमार मिश्र ने बताया कि गेंहू की फसल में यूं तो नुकसान नहीं है। हल्की मिट्टी वाले खेत जिनमें किसान सिचाई कर चुके है, उनमें यदि पानी भरा है तो फसल कमजोर हो जाएगी उत्पादन पर असर पड़ेगा,चना, मटर जो ऊंची जमीन पर है उनमें नुकसान नहीं है जो निचली भूमि पर है उनमें पानी के ठहराव से नुकसान हो सकता है।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा समय से करायी गयी प्रारंभ

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ विपिन कुमार मिश्रा के दिशा निर्देशन में जनपद में आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ कराया गया। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्त प्रदेश द्वारा जारी दिशा निर्देश के क्रम में परीक्षार्थियों को निर्धारित समय 9:30 बजे तक परीक्षा केंद्रों के अंदर प्रवेश कराया गया । जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि शासनादेश में स्पष्ट उल्लेख है कि परीक्षा प्रारम्भ होने के बाद निर्धारित समय से 9:30 बजे के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नही दी जायेगी। इस आशय का निर्देश अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर स्पष्ट अंकित है। शिक्षक पात्रता परीक्षा को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन कुमार मिश्रा सहित सभी जोनल अन्य मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लेते रहे। जिसके क्रम में प्रथम व द्वितीय पाली की परीक्षा



शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी गयी। जिलाधिकारी व पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक के द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज,राजकीय बालिका इंटर कॉलेज केश कुमारी, राणा प्रताप पी0जी0 कॉलेज में भ्रमण कर परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण किया गया तथा कुछ परीक्षार्थियो का प्रवेश पत्र अंकित फोंटोग्राफ अन्य कार्ड मिलान कराते हुये पूछताछ की गयी। जिलाधिकारी द्वारा स्कूल में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरा के फुटेज को भी स्क्रीन पर देखा गया।

## मतदाता जागरूकता एक्स्प्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी रवीश गुप्ता के कुशल निर्देशन में स्वीप योजना के अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता हेतु, मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस के माध्यम से जनपद वासियों को मतदान करने के लिए जागरुक करने हेतु अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बी0 प्रसाद, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मनोज कुमार पाण्डेय तथा उपजिलाधिकारी कहकशां अंजुम द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन बस न्च्78थ्ध्ज 9338 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस लोगो को विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। 23 जनवरी को प्रातः 10 बजे स्थान क्लेक्ट्रेट परिसर से चलकर जनपद के निम्न स्थानों सोनावां से चांदा (15 किमी0) , चांदा से कादीपुर(13 किमी0), कादीपुर से बरौसा(20 किमी0), बरौसा से जयसिंहपुर(6 किमी0), जयसिंहपुर से कूरेभार (20 किमी0), कूड़ेभार से देहली



बाजार(18किमीं0), देहली बाजार से बल्लीपुर(08किमीं0), बल्लीपुर से कुड़वार(10किमी0) एवम कुड़वार से शहर (20 किमी0) अर्थात कुल 130 किमी की यात्रा तय करेगी। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस भ्रमण के दौरान निर्वाचन विषय से सम्बन्धित क्विज, गीत संगीत, नुक्कड़ नाटक इत्यादि कार्यक्रमो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करेगी। मतदाता जागरूकता एक्स्प्रेस बस पर जनपद के शिक्षा विभाग, एन0एस0एस0 तथा भारत स्काउट एंड गाइड उ0प्र0 के उपस्थित वैलंटियर्स भी उपस्थित रहेंगे, जो मतदाताओं को जागरूक करेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान करें।

# चुनाव में मंत्री के खिलाफ खोला मोर्चा पूर्व क्रिकेटर आशीष श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान आशीष श्रीवास्तव सदर विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रवादी विकास पार्टी के बैनर तले चुनाव मैदान से अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत करने जा रहे है। आशीष ने कहा कि यह कदम मैने भ्रष्टाचार, अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने व कायस्थ समाज की आर्दश महिला भाजपा नेता स्वर्गीय किरन श्रीवास्तव को भीतरघात करके उन्हे नगर पालिका चुनाव में हराने वाले नगर विधायक गिरीश चंद्र यादव को करारी शिकस्त देकर किरन श्रीवास्तव को सच्ची श्रध्दाजंलि देने का काम करूंगा। नगर के अहियापुर मोहल्ले के निवासी आशीष श्रीवास्तव करीब दस वर्षो तक भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम का अहम हिस्सा रहे तथा कई वर्षो तक वे अपनी टीम के कप्तान भी थे, मौजूदा समय वे खिलाड़ी चयन बोर्ड में मुख्य चयनकर्ता है। शनिवार को आशीष ने पत्रकारों के समक्ष विधानसभा चुनाव 2022 में चुनावी जंग में उतरने का ऐलान कर दिया। उन्होने बताया कि अभी तक हम एक समाजिक कार्यकर्ता के रूप में भ्रष्टाचार अन्याय खिलाफ



लड़ता था अब एक जनप्रतिनिधि बनकर यह लड़ाई लड़ने जा रहा हूं। उन्होने कहा कि मैं आगड़े पिछड़े दलित हर वर्ग की आवाज बनूंगा साथ ही कायस्थ समाज की आर्दश महिला रही किरन श्रीवास्तव को नगर पालिका चुनाव में जिस तरह नगर विधायक व मंत्री गिरीश यादव ने हराने का काम किया है उसी तरह से हम और हमारा समाज उन्हे इस चुनाव में हराने का काम करेगा। उन्होने स्वजातीय बंधुवो से अपने साथ आने का निवेदन भी किया।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की जंयती के अवसर पर गोष्ठी आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जंयती के अवसर पर गोष्ठी आयोजित किया गया सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा कर्पूरी ठाकुर का राजनीति एक ऐतिहासिक रूप मे रहा उनका जीवन सदा कमजोर गरीब की लडाई लडने मे रहा वे मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने किसानों को बडी राहत देते हुए उन्होंने गैर लाभकारी जमीन पर मालगुजारी टैक्स को बन्द कर दिया वे समाज मे बदलाव लाना चाहते थे उन्हें कहीं अंतरजातीय विवाह की खबर मिलती तो उसमें वो पहुंच जाते थे वो समाज मे एक तरह का बदलाव चाहते थे जो आज दबें पिछड़े को सत्ता मेन हिस्सेदारी मिली हुई है उसकी भूमिका कर्पूरी ठाकुर ने बनाईं और उनके द्वारा एक ऐतिहासिक फैसला लिया गया था जो आज भी लोग उसका लाभ उठा रहे है वे पिछड़ा आरक्षण लागू करनेवाले पहले मुख्यमंत्री बन गए थे जो नजीर बना जिसके चलते अन्य प्रदेशों मे भी पिछड़े का आरक्षण मिला आज उनके जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी परिवार को यह संकल्प लेना होगा की



कर्पूरी ठाकुर के विचारों को आगे बढाना है और यह तभी संभव है जब उत्तर प्रदेश मे समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनायेंगे तभी समाज का हर वर्ग खुशहाल जीवन व्यतीत करेगा वहीं समाजवादी पिछडा वर्ग प्रदेश सचिव बनाने पर राजेन्द्र यादव का स्वागत किया गया वहीं समाजवादी पार्टी मे आस्था जताते हुए भाजपा नेता विकास विश्कर्मा ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया जन्मदिन समारोह में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, दीपचंद राम,पूनम मौर्या, बाबा यादव, शकील मंशुरी, शाजिद अलीम, आरीफ हबीब,दीपक जयसवाल, मनोज मौर्या,आशीफ शाह,राजा समाजवादी, अजमत खाँ,कमलेश यादव, संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

# 5 राज्यों के मुख्य सचिव, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, स्वास्थ्य सचिव के साथ वर्चुअल मीटिंग संपन्न

जौनपुर सू.वि. : मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा 05 राज्यों, जहाँ विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 की प्रक्रिया गतिमान है, उन राज्यों के मुख्य सचिव, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, स्वास्थ्य सचिव के साथ 22 जनवरी, 2022 को वर्चुअल मीटिंग की गई।आयोग द्वारा कोविड महामारी की वर्तमान एवं अनुमानित स्थिति, वैक्सिनेशन आदि बिन्दुओं पर विचारोपरान्त विभिन्न निर्देश दिये गये हैं, जिसमें रोड शो, पद–यात्रा, साइकिल/बाइक/वाहन रैली तथा जुलूस 31 जनवरी 2022 तक प्रतिबन्धित रहेंगे। प्रथम चरण में निर्वाचन लढने वाले उम्मीदवारों की सूची 27 जनवरी, 2022 को अन्तिम हो जायेगी। 28 जनवरी 2022 से 08 फरवरी, 2022 तक राजनैतिक दलों एवं निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को अधिकतम 500 व्यक्तियों अथवा मैदान की क्षमता के 50 प्रतिशत अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा जो कम हो, तक भौतिक रूप से मीटिंग्स की अनुमति प्रदान की गई है। द्वितीय चरण में निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची 31 जनवरी, 2022 को अन्तिम हो जायेगी। 01 फरवरी, 2022 से 12 फरवरी, 2022 तक राजनैतिक दलों एवं निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को अधिकतम 500 व्यक्तियों अथवा मैदान की क्षमता के 50 प्रतिशत अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा, जो कम हो, तक भौतिक रूप से मीटिंग्स की अनुमति प्रदान की गई है। आयोग द्वारा डोर–टु–डोर कैम्पेन की सीमा में वृद्धि कर दी गई है। अब डोर–टु–डोर कैम्पेन के तहत 05 व्यक्तियों के स्थान पर 10 व्यक्तियों के साथ (सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर) प्रचार किया जा सकता है। वीडियो वैन के साथ खुली जगह में कोविड मानकों का अनुसरण करते हुए, जगह की क्षमता का 50 प्रतिशत अथवा 500 व्यक्ति अथवा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा, जो कम हो, प्रचार–प्रसार किया जा सकता है बशर्ते जन साधारण को और ट्रैफिक के आवागमन के सम्बन्ध में कोई असुविधा न हो। आयोग द्वारा राजनैतिक दलों हेतु अधिकतम 300 व्यक्तियों अथवा हाल की क्षमता के 50 प्रतिशत अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (SDMA) द्वारा अनुमन्य सीमा के अन्तर्गत इन्डोर मीटिंग की अनुमति पूर्व में ही प्रदान की जा चुकी है, जो जारी रहेगी। आयोग द्वारा राजनैतिक दलों से कोविड अनुरूप व्यवहार एवं निर्वाचन सम्बन्धी समस्त गतिविधियों के दौरान आदर्श आचार संहिता के समस्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने की अपेक्षा की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व होगा कि वे अपने क्षेत्र में खुले मैदानों का चिन्हांकन सुनिश्चित कर प्रचार–प्रसार हेतु उन्हें पूर्व से ही नोटीफाई कर दें। आयोग द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि 08 जनवरी 2022 को निर्गत RevisedBroad Guidelines for Conduct of Elections, 2022 में उल्लिखित अन्य निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

# गिरते लिंगानुपात पर जताई गई चिंता

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) कार्यालय सभागार में गोष्ठी का आयोजन हुआ। पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉ राजीव कुमार ने छह वर्ष तक बच्चों में गिरते लिंगानुपात पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। बावजूद इसके कुरीतियों के चलते कुछ परिवार उन्हें अच्छा खाना तथा अच्छी शिक्षा नहीं मुहैया कराते हैं। हजारों लड़कियों को जन्म से पहले ही मार दिया जाता है। कन्या भ्रूण हत्या की वजह से लड़कियों के अनुपात में काफी कमी आ रही है। डॉ राजीव कुमार ने किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र पर भ्रूण के लिंग की जांच किए जाने पर तुरंत उसकी सूचना देने को कहा। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रदेश सरकार मुखबिर योजना चला रही है। इसके तहत ऐसी सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा तथा उसे पुरस्कृत भी किया जाएगा। आयुष्मान भारत के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ बद्री विशाल पांडे ने गिरते लिंगानुपात के लिए सामाजिक भेदभाव को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में यह असमानता मानव अस्तित्व के समाप्ति की तरफ जाने का संकेत दे रही है। इस भेदभाव को खत्म करने की जरूरत है। बालिकाओं को शिक्षित करने तथा उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है जिससे उन्हें भी बालकों के समान अवसर मिल सके। एसीएमओ डॉ संतोष कुमार जायसवाल ने गोष्ठी में आए लोगों को धन्यवाद ज्ञापित कर गोष्ठी के समापन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बेटियां ही देश का भविष्य हैं। गोष्ठी में एसीएमओ डॉ एनके सिंह, डॉ एसपी मिश्रा, डॉ एससी वर्मा, डॉ डीके सिंह, आयुष्मान भारत के जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक हिमांशु शेखर सिंह, मनोज कुमार यादव, अवनीश कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# सै. मो. मुस्तफा 'बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवॉर्ड 2021' से होगें सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा स्वीप– सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता हेतु जनपद जौनपुर के स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा को स्टेट अवार्ड फार बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवॉर्ड 2021 के लिए चयन हुआ है। उक्त अवार्ड 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में घोषित किया जाएगा जिसके अन्तर्गत प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो प्रदान किया जाता है। इस सम्बंध में आज ही अरविंद कुमार पाण्डेय सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पत्र ईमेल के माध्यम से निर्वाचन विभाग, जौनपुर को प्राप्त हुआ। ज्ञात हो कि सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा को 2013 में सर्व प्रथम तत्कालीन जिलाधिकारी सुहास एल.वाई. ने स्वीप कोआर्डिनेटर बनाया था तदोपरांत 2017 में जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी द्वाराऔर 2019 में जिलाधिकारी अरविंद मलअप्पा बंगारी और मौजूदा जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने मुस्तफा को स्वीप कोआर्डिनेटर की जिम्मेदारी दिया। मुस्तफा ने सदैव पूरी लगन और कर्तव्य निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी को निभाया है जिसका परिणाम रहा कि उन्हें ये सम्मान मिल रहा है। उनके इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी /उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश द्वारा प्रशंसा व्यक्त करते हुए बधाई दी गई और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं की।

# थाना बक्शा पुलिस ने 04 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्वेक्षण में थाना बक्शा पुलिस द्वारा मुखबिर खास कि सूचना पर गोकशी के वांछित अभियुक्त गण 1. सोनू पुत्र मुफीज ग्राम दक्षिणपट्टी थाना बक्शा जौनपुर 2. सलीम उर्फ पप्पू पुत्र



वकील ग्राम दक्षिण पट्टी थाना बक्शा जौनपुर 3. सरवर पुत्र युसुफ ग्राम मोहम्मपुर थाना बक्शा जौनपुर 4. अल्ताफ पुत्र अब्दुल अजीज ग्राम सदरूद्दीपुर थाना बक्शा जौनपुर अन्तर्गत मु0अ0सं0–26/22 धारा–3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना बक्शा जनपद जौनपुर को घटना में प्रयुक्त चापड़ व चाकू के साथ दिनांक 23/01/2022 को मई चौराहा से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण– 1.सोनू पुत्र मुफीज ग्राम दक्षिणपट्टी थाना बक्शा जौनपुर। 2. सलीम उर्फ पप्पू पुत्र वकील ग्राम दक्षिण पट्टी थाना बक्शा जौनपुर। 3. सरवर पुत्र युसुफ ग्राम मोहम्मपुर थाना बक्शा जौनपुर। 4. अल्ताफ पुत्र अब्दुल अजीज ग्राम सदरूद्दीपुर थाना बक्शा जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– मु0अ0सं0 312/19 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम थाना बक्शा जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.उ0नि0 श्री द्वारिकानाथ यादव थाना बक्शा जौनपुर। 2.हे0का0 संतोष यादव थाना बक्शा जौनपुर। 3.हे0का0 करीमुल्ला थाना बक्शा जौनपुर। 4.का0 राजू प्रसाद थाना बक्शा जौनपुर। 5. का0 चन्दन यादव थाना बक्शा जौनपुर।

# थाना सिकरारा पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व वारांटी वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस



अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण थाना सिकरारा पुलिस ने वाछिंत अभियुक्त सैफुउल्लाह पुत्र आबिद रफिक निवासी एच 327 जे0जे0 कालोनी बक्करवाला वेस्ट दिल्ली स्थाई पता वार्ड नं0 17 हाजीपुर खगडिया बिहार सम्बन्धित मु0अ0सं0–99/2019 धारा–363/366/376 भादवि व 5(2)जे/6 पाक्सो एक्ट थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को ग्राम रामसहायपट्टी थाना सिकरारा जौनपुर से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। नाम पता अभियुक्त– सैफुउल्लाह पुत्र आबिद रफिक निवासी एच 327 जे0जे0 कालोनी बक्करवाला वेस्ट दिल्ली स्थाई पता वार्ड नं0 17 हाजीपुर खगडिया बिहार। पंजीकृत अभियोग– मु0अ0सं0–99/2019 धारा–363/366/376 भादवि व 5(2)जे/6 पाक्सो एक्ट सिकरारा जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्यदृ 1.श्री संतोष कुमार राय, थानाध्यक्ष सिकरारा जौनपुर। 2.उ0नि0 विनोद कुमार यादव थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 अमित सिंह, का0 अजीत कुमार दूबे, का0 अनील कुमार गुप्ता, का0 रोहित कुमार यादव, म0का0 साक्षी उपाध्याय, म0का0 ज्योति सिंह थाना सिकरारा जनपद जौनपुर।

## पानी निकासी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से लगाई गुहार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के विकास खण्ड रुदौली क्षेत्र के एक गांव से ग्राम वासियों ने पानी निकासी रोके जाने से आक्रोशित तहसील रुदौली में उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को शिकायत पत्र देकर पानी निकासी की समस्या के समाधान की मांग की है।विकासखण्ड रूदौली क्षेत्र के ग्राम दौदापुर मजरे भोली के ग्राम वासियों ने शिकायती पत्र के माध्यम से कहा है कि रुदौली रेजघाट रोड से प्राथमिक विद्यालय कर्मा तक डामर रोड का निर्माण हो रहा है जहां पर शकील के मकान के बगल से एक नाला तालाब तक जाता है जिससे समस्त गांव वासियों के मकान व बरसात के पानी की निकासी होती रही है परंतु ठेकेदार द्वारा पानी निकासी हेतु पाइप न डालकर नाला को बंद कर दिया गया जिसको लेकर ग्राम ग्रामीणों में आक्रोश है अब इसमें पानी निकासी की समस्या पैदा हो जाएगी। ग्रामीणों ने नाले में पाइप डलवाने की मांग की है।तहसीलदार प्रज्ञा सिंह ने बताया पानी निकासी का प्रकरण संज्ञान में आया है।थाना रुदौली की पुलिस को निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया है।इस मौके पर मोहम्मद शकील, चंद्रमुखी, सहदेव, शहनाज, दिलशाद, नसीब, मुस्ताक, रेहाना, हबबुल, आबाद, जेनब, सुरैया सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# फर्जीवाड़ा कर रहा पप्पू गिरफ्तार

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ऋषिकुल उत्तर माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर गौर में युवक फर्जी ढंग से परीक्षा दे रहा था, तभी मुखबीर की सूचना पर उसको यस0टी0यफ0 की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया गया। बतादें कि रविवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा चेकिंग के दौरान प्रभारी निरीक्षक पुलिस एसटीएफ पुनीत परिहार मय हमरा हे0का0 राजेंद्र कुमार पाण्डेय, हे0का0 सलीमुद्दीन हे0का0 अभय विक्रम सिंह, हे0का0 मनोज यादव, कमाण्डो दरोगा प्रसाद, हे0का0 चालक यशवंत सिंह सरकारी न्द्ध32ठल्4617, ने मुखबिर की सूचना पर वाराणसी से रवाना होकर ऋषिकुल उत्तर माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर गौर थाना सरायख्वाजा में मय फोर्स के साथ प्रातः10:40 पहुंचकर स्कूल में चेकिंग के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य जय कुमार मौर्य पुत्र कामता प्रसाद निवासी बसाव पोस्ट भोजापुर थाना चोला थाना चौरा वाराणसी प्रधानाचार्य ऋषिकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर, को सूचना से अवगत कराया तो उन्होंने बताया कि इस परीक्षा को कराने के लिए विद्यालय में स्टैटिक निरीक्षक संदीप यादव पुत्र रामलौटान यादव निवासी मदुली थाना सिधारी आजमगढ़, जूनियर ई0सिंचाई खंड जौनपुर व पर्यवेक्षक के रुप में सुनील कुमार विश्वकर्मा पुत्र नन्हकू विश्वकर्मा निवासी सरोखनपुर पोस्ट बदलापुर जौनपुर, सहायक अध्यापक राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरा थाना सरायख्वाजा नियुक्त है। उपरोक्त लोगों की उपस्थिति है। सारी सूचना साझा करने के उपरान्त चेकिंग की गई तो कक्ष संख्या 10 में परीक्षार्थी महेंद्र प्रताप यादव पुत्र बलराम यादव निवासी रंजीतपुर जौनपुर के स्थान पर कूटरचित व धोखाधड़ी व जालसाजी से पप्पू कुमार उर्फ अरनव पुत्र विष्णु देव सिंह निवासी जफराबाद थाना देसरी जनपद वैशाली बिहार, परीक्षा दे रहा था, जिसके पास से कूटरचित आधार कार्ड व यूपीटीईटी प्रवेश पत्र ठ.म्क मूल प्रमाण पत्र प्रश्न पुस्तिका




सीरीज बरामद किया जिसको मौके पर 11:10अपराह्न पर गिरफ्तार किया पप्पू कुमार उर्फ अनवर सिंह पुत्र विष्णु देव सिंह निवासी जफराबाद थाना देसरी जनपद वैशाली बिहार, दूसरा महेंद्र प्रताप यादव पुत्र बलराम यादव निवासी रंजीतपुर जौनपुर के विरुद्ध सरायख्वाजा थाना जौनपुर में संगीन धाराओं पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# आगरा में दर्दनाक हादसाः गैस सिलिंडर फटने से घर में लगी आग : आग से परिवार के आठ लोग झुलसे

आगरा ब्यूरो : आगरा के थाना शाहगंज क्षेत्र के भोगीपुरा में सोमवार की सुबह वाल्मीकि बस्ती में गैस सिलिंडर फटने से एक परिवार के आठ लोग झुलस गए। हादसा सुबह तकरीबन सवा आठ बजे हुआ। वाल्मीकि बस्ती निवासी विनोद के घर में अचानक सिलिंडर में आग लग गई थी। आग से परिजनों में चीखपुकार मच गई। इस दौरान विनोद, उनकी पत्नी कमलेश, बेटा, भतीजी सहित आठ लोग झुलस गए। मोहल्ले के लोगों ने सभी को बाहर निकाला। सूचना पर पुलिस पहुंची। सिलिंडर फटने से घर भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे पूरे इलाके में अफरा–तफरी मच गई। पुलिस ने दमकल की मदद से आग पर काबू पाया। सभी लोगों की हालत खतरे से बाहर। झुलसे हुए लोगों को एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया



है, जहां उनका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि सभी की हालत खतरे से बाहर है। हादसा सिलिंडर में आग लगने से बताया गया है। इसका कारण लीकेज भी हो सकता है। फिलहाल जांच की जा रही है।

# क्या चुनाव अधिकारियों को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जा सकती है : इलाहाबाद हाईकोर्ट

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निर्वाचन आयोग व राज्य सरकार से पूछा है कि विधानसभा चुनाव के जिन पीठासीन अधिकारियों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है और ट्रेनिंग के बाद उनके घर लौटने पर परिवारीजनों को संक्रमण का खतरा है, क्या उन्हें ऑनलाइन प्रशिक्षण मुहैया नहीं कराया सकता? यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा एवं न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की खंडपीठ ने दयालबाग शिक्षण संस्थान की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। अर्जेंट मामला होने से खंडपीठ ने रविवार को सुनवाई की। कोर्ट ने आयोग के वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पांडेय व मुख्य स्थायी अधिवक्ता जेएन मौर्य से यह जानकारी प्राप्त करने को कहा कि क्या ऐसे लोगों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा सकता है। कहा गया कि चुनाव आयोग की गाइडलाइंस के खंड 40 में लिखा है कि चुनाव अधिकारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा सकता है। संस्थान ने याचिका में निर्वाचन कार्य के लिए 24 व 25 जनवरी को होने वाले प्रशिक्षण में अस्वस्थ लोगों के जाने से खतरे की आशंका जताते हुए हस्तक्षेप करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि 324 में से 194 लोगों को 24 व 25 जनवरी को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया है। इन 194 में से कुछ लोग ऐसी बीमारी से ग्रस्त हैं, जिससे उनके कोरोना संक्रमित होने की संभावना अधिक है। साथ ही वे यदि संक्रमण लेकर घर वापस गए तो यह परिवार के हित में नहीं होगा। याचिका की अगली सुनवाई आज यानी सोमवार को होगी।

# एप से करें आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत : 15 मिनट में मौके पर पहुंचेगा उड़नदस्ता

गोरखपुर ब्यूरो : विधानसभा चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और भ्रष्टाचार रहित संपन्न करवाने में अब आम आदमी भी चुनाव आयोग की मदद कर सकता है। सी विजिल एप के जरिए अपनी पहचान गुप्त रखते हुए कोई भी व्यक्ति आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। शिकायत पर क्या कार्रवाई हुई या होगी इसकी जानकारी उसे एप पर ही 100 मिनट के भीतर मिल जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग का सी विजिल (सिटिजन विजिलेंस) एप जीपीएस आधारित है। जहां आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है, शिकायतकर्ता के उस जगह की फोटो या वीडियो बनाकर अपलोड करते ही लोकेशन संबंधित जिले के कंट्रोल रूम में पहुंच जाएगी। शिकायतकर्ता किसी सभा में दिए जा रहे धार्मिक या सामुदायिक भावनाएं भड़काने वाले भाषण भी अपलोड कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखते हुए उसे शिकायत का एक नंबर जारी किया जाता है। पंद्रह मिनट में उड़नदस्ता, स्पेशल टीम आदि मौके पर पहुंच कर तथ्य इकट्ठा करेगी। 15 मिनट में जांच कर रिटर्निंग ऑफिसर को सूचना देगी। रिटर्निंग ऑफिसर शिकायत के पचास मिनट के भीतर कार्रवाई करेगा यानी शिकायत बंद या निस्तारित करेगा। यदि जांच रिपोर्ट में गंभीर तथ्य आते हैं तो रिटर्निंग ऑफिसर एफआईआर, आपराधिक कार्रवाई आदि के आदेश देगा। शिकायतकर्ता के मोबाइल एप पर शिकायत करने के 100 मिनट के भीतर कार्रवाई की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। डीएम विजय किरन आनंद ने कहा कि भारत चुनाव आयोग के सी विजिल एप पर कोई भी



व्यक्ति आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। नागरिकों से अपील है कि इस एप का इस्तेमाल कर अपने क्षेत्र में चुनाव के दौरान होने वाली गड़बड़ी की जानकारी दें, ताकि जल्द से जल्द कार्रवाई कर निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित हो। आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन में आते हैं ये कार्य चुनाव आयोग के मुताबिक, चुनाव प्रक्रिया के दौरान लोगों के बीच धन बांटना, शराब–ड्रग्स या नशीली वस्तुओं का बांटा जाना, चुनाव आचार संहिता के दायरे में आता है। इसी तरह सार्वजनिक स्थान पर असलहों का प्रदर्शन, हर्ष फायरिंग, झगड़ा, तनाव, धार्मिक व सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने वाले भाषण, मुफ्त की वस्तुएं बांटना, पेड न्यूज, फेक न्यूज, बिना आज्ञा के किसी की निजी संपत्ति पर पोस्टर चिपकाना या झंडा–बैनर लगाना भी आचार संहिता का उल्लंघन है। निर्धारित खर्च की सीमा का उल्लंघन करना, मतदान के दिन मतदाताओं को निशुल्क वाहन से मतदान केंद्र तक लाना–ले जाना भी आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन में आते हैं। यदि किसी को इस तरह की कोई भी गतिविधि दिखती है तो वह सीविजिल एप पर फोटो, वीडियो या ऑडियो अपलोड करके शिकायत कर सकता है।

## अयोध्या सीट ही तय करेगी देश की राजनीतिक दिशा और दशा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय विधानसभा चुनाव की सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है।वही अयोध्या जिले में पांचवें चरण में 27 फरवरी को चुनाव होना है।पांच विधानसभा सीटों में से हमेशा की तरह इस बार भी विधानसभा पर सभी की निगाह है।अयोध्या उसी समय से धर्म का प्रधान केंद्र के रूप में स्थापित हो चुकी है।अयोध्या विधानसभा से फैजाबाद के प्रथम विधायक 1967 में जनसंघ से बृज किशोर अग्रवाल दूसरे विधानसभा चुनाव 1969 में कांग्रेस पार्टी के विश्वनाथ कपूर 1974 में जनसंघ के वेद प्रकाश अग्रवाल 1977 में जनता पार्टी के विधायक जय शंकर पांडे 1980 में निर्मल खत्री कांग्रेस से, 1985 में कांग्रेस के सुरेंद्र प्रताप सिंह, 1979 में जनता दल के जय शंकर पांडे दोबारा विधानसभा चुनाव में जनता के विश्वास पर एक बार फिर खरे उतरे और दोबारा विधानसभा में अयोध्या से जीतकर विधायक बने। इसके बाद राम के नाम की अलख जगी, और अयोध्या भारतीय जनता पार्टी के, राम और राम मंदिर को अपनी राजनीति का केंद्र बना दिया। भाजपा ने राम मंदिर की सियासत के समीकरण के साथ चुनावी बिगुल फूंका। इस दौरान राम मंदिर आंदोलन का मुद्दा भी चरम पर पहुंच गया था। यह वही रामलहर थी जिसने भाजपा को उर्जा प्रदान की और अयोध्या को सियासत का पावर हाउस बना दिया। 1991 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जिले की 5 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज कर इतिहास बना दिया। इसके बाद से भाजपा




के गढ के रूप में तब्दील हो गई थी। विधानसभा के चुनाव 1991 से लेकर 2007 तक लगातार जीत मिली। और यहां से 5 बार जिले की विधानसभा सीटों पर भाजपा को जीत मिली।चुनाव में सपा का विधानसभा समाजवादी का कब्जा जमा दिया था मोदी लहर में भाजपा ने एक बार फिर से 2017 के चुनाव में 1991 का इतिहास जिले की 5 विधानसभा सीटों पर विजय प्राप्त कर यहाँ से वेदप्रकाश गुप्ता को विजय मिली। भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक इतिहास में यह दूसरा मौका था जब जिले की पांचो विधानसभा में जीत हासिल की थी। देश और प्रदेश की राजनीति मे राम के नाम की सियासत में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण शुरू होने से राजनीतिक दलों के सामने चुनौती है।तो विपक्षी दल भी अयोध्या विधानसभा की जीत दर्ज करा कर यह संदेश देना चाहते हैं कि श्री राम सभी के हैं।

## निःशुल्क राशन का वितरण 22 से 31 जनवरी तक

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता) ''प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना'' के अन्तर्गत माह जनवरी, 2022 में जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डों पर 05 कि0ग्रा0 (03 कि0ग्रा0 गेहूँ एवं 02 कि0ग्रा0 चावल) खाद्यान्न प्रति सदस्य (यूनिट) की दर से निःशुल्क वितरण 22 जनवरी से 31 जनवरी, 2022 के मध्य कराया जा रहा है। सभी कार्डधारक उक्त अवधि में उचित दर दुकान पर जाकर अपने कार्ड में सम्मिलित यूनिट के अनुसार 05 कि0ग्रा0 प्रति यूनिट की दर से निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा अनुमन्य रहे।माह जनवरी, 2022 में निःशुल्क वितरण की अन्तिम तिथि माह की 31 तारीख निर्धारित है। जिन कार्डधारकों का ई-पॉस मशीन पर अँगूठा नहीं लगता है, वह माह की 31 तारीख को पहचान पत्र (आधार कार्ड) तथा मोबाइल के साथ सम्बन्धित उचित दर दुकान पर जाकर मोबाइल ओ0टी0पी0 (प्रॉक्सी) के माध्यम से अपना खाद्यान्न प्राप्त कर सकते है।उचित दर दुकान पर कार्डधारकों की भीड़ न लगे, इसके लिये कोटेदार द्वारा उन्हें पहले से एक टोकन दिया जायेगा। कार्डधारक टोकन के अनुसार उचित दर दुकान पर जाकर बनाये गये गोले में खड़े होकर अपनी बारी पर खाद्यान्न लेंगें। कार्डधारकों का भी दायित्व होगा कि वह कोरोना वायरस के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग को बनाये रखने के लिये कम से कम 01-01 मीटर की दूरी पर खड़े होकर राशन प्राप्त करें। किसी भी दशा में दुकान पर भीड़ न लगे।कोरोना महामारी के संक्रमण के दृष्टिगत समस्त राशन कार्डधारकों से अपील की जाती है कि राशन लेते समय सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रुप से पालन करें। उचित दर दुकान पर बनाये गये गोले में खड़े होकर अपनी बारी से ही राशन प्राप्त करें। सभी कार्डधारक अपना मुँह मास्क, गमछा, रुमाल व दुपट्टा आदि से ढक कर ही उचित दर दुकान पर आयें तथा साबुन-पानी, डिटाल व सेनेटाइजर आदि से हाथ धोने के उपरान्त ही ई-पॉस मशीन में अपना अँगूठा लगाकर खाद्यान्न प्राप्त करें।कोटेदार, सोशल डिस्टेंसिग का पालन कराने हेतु बनाये गये गोले में खड़े होने के लिये कार्डधारक से अनुरोध करते हुये सुचारु रुप से खाद्यान्न निर्गत करेंगें।

## राजेन्द्र तिवारी पांचवी बार चुने गए उपजा अयोध्या के अध्यक्ष

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता) उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष रतन दीक्षित के निर्देशानुसार कोविड -19 का अनुपालन करते हुए शनिवार को उपजा अयोध्या इकाई की वार्षिक बैठक सर्वसम्मति से सम्पन्न हुई। उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन अयोध्या इकाई के संरक्षक महेंद्र त्रिपाठी की देखरेख में कचहरी स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन के प्रांगण में हुए वार्षिक चुनाव में राजेन्द्र तिवारी सर्वसम्मति से उपजा के जिला अध्यक्ष चुने गए । साथ ही महामंत्री के पद पर डीके तिवारी के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर जयप्रकाश गुप्ता उपाध्यक्ष राकेश वैद नरेंद्र नारायण पांडेय अजय श्रीवास्तव व वैद्य आर पी पाण्डेय का चुनाव किया गया। उपजा के संगठन मंत्री के पद पर राकेश तिवारी रवि मौर्य मोहम्मद तुफ़ैल उदयन आर्य तथा संगठन के विशेष आमंत्रित सदस्य के पद पर मनीष पांडे संपादक दमक टाइम्स को बनाया गया है। इसके पश्चात अयोध्या इकाई के संरक्षक व चुनाव अधिकारी ने सर्वसम्मति से चुने गए उपजा जिला अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता राकेश वैद नरेंद्र नारायण पांडे अजय श्रीवास्तव आर पी पांडे महामंत्री डीके तिवारी व संगठन मंत्री राकेश तिवारी रवि मौर्य मोहम्मद तुफ़ैल व उदयन आर्य को रामनामी शाल ओढ़ाकर तथा माला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई दिया । साथ ही संगठन के पदाधिकारियों से अपेक्षा किया है कि वह वर्ष 2022 में संगठन को मजबूती दिलाने के लिए उपजा का राष्ट्रीय अधिवेशन के अलावा कई कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान करें।इस मौके पर डी के तिवारी ने उपजा संगठन के सम्बन्ध में बोलते हुए कहा कि उपजा अन्तर्राष्ट्रीय संगठन आई एफ जे की इकाई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रास बिहारी के नेतृत्व व प्रान्तीय अध्यक्ष श्री रतन दीक्षित के दिशा निर्देश में अयोध्या इकाई पत्रकारों के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों का भी हम लोगों को सहयोग , सानिध्य व आशीर्वाद प्राप्त हुआ है जिनके संरक्षकत्व में हम आगे बढ़ते ही रहेंगे।उपजा की बैठक में महेंद्र उपाध्याय आदर्श मिश्रा सोनू चौधरी शिव मौर्या अखिलेश कुमार रजत चौधरी अखिलेश वर्मा अरविंद यादव धर्मेंद्र चौरसिया मीसम खान नीलम सिंह प्रमोद पांडेय अंकुर पांडेय चंद्रधर द्विवेदी आचार्य स्कंद दास परमजीत कौर करुणा पांडेय कमलेश कुमार पांडेय सुदीप तिवारी तहसील सोहावल अध्यक्ष देवी प्रसाद वर्मा विवेक कुमार वर्मा अमित कुमार के अलावा भारी संख्या में उपजा इकाई के सदस्यगण मौजूद रहे। भारी बारिश व कड़ाके की ठंड के बावजूद उपजा चुनाव के दौरान भारी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे।

### 80 फीसदी से अधिक मतदान के लिए चलायें विशेष जागरूकता अभियान

अयोध्या। (सरवन कुमार नगर संवाददाता)अयोध्या मंडल के मंडलायुक्त अर्बर नवदीप रिनवा ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में 80 फीसदी से अधिक मतदान सुनिश्चित कराने के लिए विशेष जागरूकता अभियान जनपद स्तर पर चलाये जाने के लिए मण्डल के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियो को दिये है।मण्डलयुक्त ने मतदाता जागरूकता अभियान के लिए जिले के सभी प्रधान, पूर्व प्रधान, एएनएम, आशा कार्यकत्री, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, कोटेदार को अपना योगदान करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 उप्र में सात चरणों में संपन्न होगा। पंचम चरण में 27 फरवरी 2022 को मण्डल के जनपद अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी व सुल्तानपुर में व छवां चरण में जनपद अम्बेडकर नगर में दिनांक 03 मार्च 2022 को मतदान होगा। उक्त निर्वाचन के तहल जनपदों में 80 फीसदी से अधिक मतदान हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाये, जिसमें चरणबद्ध रूप से तहसील व ब्लाक स्तर पर स्वयंसेवी भी तैयार किए जाय, जो तहसील व ब्लाक स्तर में मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में विशेष प्रयास करे। लक्ष्य को पाने के लिए सभी सरकारी व निजी क्षेत्र के विद्यालयों के जरिए भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए। इन विद्यालयों में मतदाता जागरूकता विषयक विविध प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाए। विद्यालयों के जरिए बड़े पैमाने पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने प्रधान, पूर्व प्रधान, एएनएम, आश कार्यकत्री, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, कोटेदार से अपेक्षा करते हुए कहा कि अपने क्षेत्रों में प्रत्येक मतदाता को विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में अधिक से अधिक निष्पक्ष, भयमुक्त व बगैर किसी प्रलोभन के मतदान करने हेतु जागरूक एवं प्रेरित करें। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस पुनीत कार्य में सहयोग देकर अपने क्षेत्र में आम जनमानस को मतदान करने हेतु जागरूक, प्रेरित करके अपना महत्व योगदान सुनिश्चित करेंगे।

## जनेश्वर मिश्रा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री व छोटे लोहिया के नाम से विख्यात पंडित जनेश्वर मिश्रा की 12वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।शनिवार को सोहावल के हाजीपुर बरसेण्डी में स्थित सपा नेता एवं पूर्व विधायक संत श्रीराम द्विवेदी के सुपौत्र के कैम्प कार्यालय पर गोष्ठी में सपा नेता महर्षि द्विवेदी राम ने कहा कि पं. जनेश्वर मिश्रा ने समाजवादी आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए संघर्ष से पहचान बनाई। उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण पदों पर रहकर पार्टी की नीतियों विचारों को जन-जन पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। समाजवादी आंदोलन के प्रखर नायक, महान विचारक, शोषितों, पीडिघ्तों, वंचितों के प्रबल पैरोकार हमारे बाबाजी के साथी रहे एवं एकसाथ समाजवादी आंदोलन का बिगुल बजाने वाले 'छोटे लोहिया' स्व. जनेश्वर मिश्र जी को कार्यकर्ताओं के साथ विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। एवं छोटे लोहिया जी के दिखाए गए रास्ते पर चलने का समाजवादी साथियों ने संकल्प लिया।श्रद्धांजलि सभा में कोषाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, गिरीश गोस्वामी, ने जनेश्वर मिश्रा को समाजवादी आंदोलन का स्तंभ बताते हुए उनके विचारों संघर्षों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## समाजवादियो ने मनाया छोटे लोहिया का जन्मदिवस

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) प्रख्यात समाजवादी चिंतक दार्शनिक और समाजवादी पार्टी में छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के नेताओं पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया ।पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने इस मौके पर कहा कि जनेश्वर मिश्र जैसे नेता इस समाज में बड़ी तपस्या के बाद जन्म लेते हैं। उन्होंने बताया कि श्री मिश्र ने अपना पूरा जीवन समाज के कल्याण के लिए न्योछावर कर दिया ।श्री यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र के दिखाए रास्ते पर चलकर समाजवादी पार्टी आज इस मुकाम पर पहुंची है कि प्रदेश में इस पार्टी का कोई दूसरा विकल्प नहीं बन सका ।उन्होंने कहा कि श्री मिश्र ने पूरा जीवन गरीबों के लिए कष्ट में बिताया लेकिन समाज को उन्होंने जो सौगात दी उससे ना सिर्फ एक सभ्य समाज का निर्माण हुआ बल्कि गरीब और निचले तबके के लोगों को भी समाज के मुख्यधारा में शामिल होने का मौका मिला। श्री यादव कहा कि जनेश्वर मिश्र ने समाजवादी पार्टी को जिन बुलंदियों तक पहुंचाया आज उसी की देन है कि समाजवादी पार्टी प्रदेश में एक मजबूत स्थिति में खड़ी है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जनेश्वर मिश्र की नीतियों को लोगों तक पहुंचा कर एक बार फिर समाजवादी पार्टी के पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी है। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया । इस अवसर पर मुख्य रूप से बाबूराम गौड छोटे लाल यादव मनोज जायसवाल चौधरी बलराम यादव मोहम्मद हलीम पप्पू डॉ अनुराग आनंद यादव दान बहादुर सिंह ओपी पासवान अंसार अहमद बब्बन अभय यादव मुकेश यादव करण यादव मुन्नू नीरज तिवारी राजू पासवान रंजीत यादव रमेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## जगद्गुरु रामानंदाचार्य की विश्व में सबसे बड़ी मूर्ति लगाई जाने की हुई मांग- जगतगुरु परमहंस आचार्य

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।श्रीराम जन्मभूमि परिसर में जगद्गुरु रामानन्दाचार्य की 251 मीटर विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति लगाने की मांग उठी है। यह मांग तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी परमहंस आचार्य ने की है। जगद्गुरु रामानंदाचार्य की जयंती की पूर्व संध्या पर तपस्वी सावन में आज धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जहां पर रामानंदाचार्य भगवान की पूजन अर्चन की गई व महाआरती उतारी गई। इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए जगत गुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि राम जन्मभूमि परिसर में 251 मीटर जगद्गुरु रामानंदाचार्य की सबसे ऊंची मूर्ति स्थापित की जानी चाहिए। क्योकि जगद्गुरु रामानंदाचार्य कबीर दास, रैदास सहित अन्य के भी गुरु रहे हैं। इससे दलितों का सम्मान बढ़ेगा।



इसलिए जरूरी है कि अयोध्या के राम जन्मभूमि परिसर में जगद्गुरु रामानंदाचार्य की मूर्ति जल्द से जल्द स्थापित की जाए। इस दौरान अम्बेडकर नगर शिक्षक बच्चू लाल भारती ने भी कहा कि राम जन्मभूमि परिसर में बिना जगद्गुरु रामानंदाचार्य की प्रतिमा स्थापना के मंदिर का निर्माण अधूरा माना जाएगा। इसलिए जरूरी है कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य की प्रतिमा वहां पर स्थापित की जाए, ताकि सबका सम्मान बढ़े और दलित समाज आगे बढ़ सके।

## भाजपा को 25 वर्ष बाद मिली मिल्कीपुर की सीट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जनपद की मिल्कीपुर विधान सभा सीट ने काफी समय तक कम्युनिस्ट पार्टी के लाल झंडा ही हावी रहा।अगर देखा जाये तो यहां की राजनीति मे एक लम्बे समय तक मित्रसेन यादव ने लाल झंडे की कमान थामी।किन्तु रामलहर में बामपंथी राजनीति हमेशा के लिए इस क्षेत्र से खामोश हो गयी। वैसे मिल्कीपुर ने समय समय पर अलग अलग राजनैतिक दलों को मौका दिया है।यहां जनसंघ,कांग्रेस,सीपीआई, भाजपा, सपा व बसपा सभी को मौका मिला है।फिर भी वामदल के किले को राम लहर ने ऐसा उखाड़ फेंका कि तब से सीपीआई इस क्षेत्र में दोबारा नही पनप पायी।अयोध्या जनपद की मिल्कीपुर विधान सभा का गठन 1969 में हुआ। इस चुनाव में जनसंघ पार्टी से हरिनाथ तिवारी ने परचम लहराया। 1974 के विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के धर्मचन्द्र मिश्रा ने जीत दर्ज करायी। इसके बाद वामदल का लम्बे समय तक कब्जा रहा। सीपीआई के मित्रसेन यादव जो इससे पहले निर्दल उम्मीदवार रह कर चुनाव हारे थे उन्होंने लगातार 1977,1980,1985 व 1993 में जीत दर्ज मिल्कीपुर में वामदल का परचम लहराया। विधान सभा मिल्कीपुर में वर्ष 1989 में हुए विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के बृजभूषण मणि त्रिपाठी चुनाव जीते। उन्होंने मित्रसेन यादव को हराकर मिल्कीपुर की सीट पर कब्जा किया। त्रिपाठी इसके बाद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

## ओवैसी ने किया यूपी में गठबन्धन का ऐलान : दो सीएम और तीन उपमुख्यमंत्री का दिया फॉर्मूला

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता) उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में इस बार पूरी तैयारी के साथ उतरे एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने गठबंधन का ऐलान कर दिया है।इस बार उनकी पार्टी ने बाबू सिंह कुशवाहा की पार्टी के साथ गठबंधन की घोषणा की है।सूत्र के मुताबिक इसके साथ ही ओवैसी ने दो मुख्यमंत्री और तीन उपमुख्यमंत्री का फॉर्मुला भी सबके सामने रखा है। ओवैसी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश में बाबू सिंह कुशवाहा और भारत मुक्ति मोर्चा के साथ गठबंधन की घोषणा की है।उन्होंने कहा "अगर गठबंधन सत्ता में आता है तो 2 मुख्यमंत्री होंगे, एक ओबीसी समुदाय से और दूसरा दलित समुदाय से। इसके साथ ही मुस्लिम समुदाय के 3 उप मुख्यमंत्री होंगे।ओवैसी इससे पहले ओपी राजभर की पार्टी सुभसपा के साथ गठबंधन किए थे, बाद में राजभर, अखिलेश के साथ चले गए और ओवैसी अकेले मैदान में रह गए थे। जिसके बाद उन्होंने शनिवार को नए गठबंधन की घोषणा की है। बता दें कि ओवैसी की पार्टी यूपी में 100 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। कई उम्मीदवारों की घोषणा भी की जा चुकी है। ओवैसी इस चुनाव में मुस्लिम वोट बैंक को अपनी ओर खींचने की कोशिश करते दिख रहे हैं। हालाकि सपा समेत कई विपक्षी दल ओवैसी पर भाजपा के बी-टीम होने का आरोप लगा रहे हैं।

## अभियंता संघ ने मनाया एकात्म दिवस : अयोध्या अभियंता संघ टीम बनी विजेता

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)अभियंता संघ एकात्म दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित अभियंता संघ मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट 2022 के दो मैच 15-15 ओवर के सहारा स्टेट्स ग्राउंड में खेले गए जो की लेसा अभियंता संघ टीम और अयोध्या अभियंता संघ टीम के बीच हुए जिसमे अयोध्या अभियंता संघ की टीम विजेता बनी एवं मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता श्री सीपी यादव द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरुस्कृत किया गया। पहले मैच में लेसा टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लेते हुए 103 रन 10 विकेट के नुक्सान पर 14.2 ओवर्स में बनाये जिसमे की हिमांशु ने 40 रन की पारी खेली और रोहित ने 3 विकेट हासिल किये, वहीं इस मैच की दूसरी पारी में अयोध्या टीम ने 104 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 विकेट खोकर 14 ओवर में 106 रन बनाये जिसमे की रोशन यादव ने ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए 63 रन महज 39 बॉल्स में बनाये और संदीप ने 2 विकेट हासिल किये द्य रोशन यादव को अपनी पारी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दूसरे मैच में लेसा टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लेते हुए 97 रन 09 विकेट के नुक्सान पर 15 ओवर्स में बनाये जिसमे की अंकित मौर्या ने 23 रन की पारी खेली और रितेश मिश्रा ने 3 विकेट हासिल किये, वहीं इस मैच की दूसरी पारी में अयोध्या टीम ने 98 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए 3 विकेट खोकर 10.4 ओवर में 98 रन बनाये जिसमे सुजीत चौधरी ने 37 रन की पारी खेली और प्रदीप वर्मा ने 1 विकेट हासिल किया द्य रितेश मिश्रा को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया द्य इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता श्री सीपी यादव द्वारा श्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार रोशन यादव,श्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार रोहित, श्रेष्ठ फील्डिंग का पुरस्कार हिमांशु वार्ष्णेय और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार रोशन यादव को दिया गया द्य टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता सी. पी. यादव शक्ति भवन,संयुक्त सचिव ए. न.सिंह, प्रचार सचिव आलोक श्रीवास्तव,उपाध्यक्ष रणवीर सिंह, सहायक सचिव अदालत वर्मा,सहायक सचिव श्री करूणेन्द्र कुमार वर्मा, क्षेत्रीय सचिव कौशल किशोर वर्मा, अधिशाषी अभियंता बृजेश कुमार,कोषाध्यक्ष राहुल सिंह,शाखा सचिव श्री चन्द्र प्रकाश, अंकित द्विवेदी,अधिशासी अभियंता बी. के. टी. अमित राज चित्रबंशी,अधिशासी अभियंता वृंदावन सुभाष मौर्या,अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड तृतीय सतीश कुमार वर्मा,बिजली मजदूर संगठन के महामंत्री सुहेल आबिद जी एवं अभियंता संघ के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहें।

## हाड़ कपाने वाली ठंड के चलते घर मे रहने को मजबूर लोग

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में शनिवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदल गया।एक तो ठंड व ऊपर से बारिस के चलते लोग अपने घरो में मजबूर दिखे।वही जिले में शनिवार से सोमवार तक सुबह से बादल छाए रहे।वही कुछ जगह रुक-रुककर बूंदाबांदी भी होती रही।इसी कड़ी मे दोपहर बाद ठंडी हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया।हालांकि इस बरसात के कई फायदे भी दिखाई पड़ रहे हैं फिर भी हाड़ कपाती ठंड ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। क्षेत्र में सुबह से ही मौसम खराब दिखने लगा था।हल्के-हल्के बादल छाए हुए थे।थोड़ी देर बाद सुबह करीब 9 बजे के आसपास धूप निकली, लेकिन फिर से बादल हो गए। सुबह सुबह काम पर निकले लोग भी सड़कों पर जल रहे अलाव के पास हाथ सेंकते नजर आए। शाम होते-होते ठेलों पर लोग चाय की चुस्कियों के साथ ठंड का आनंद लेते भी देखे गए।

### रुदौली क्षेत्र में ग्रामीणो ने कोटेदार के खिलाफ खोला मोर्चा कर एसडीएम से की शिकायत

अयोध्या। (डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के रुदौली तहसील क्षेत्र के ग्राम करीमपुर के लगभग चार दर्जन कार्ड धारक शुक्रवार को तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी रुदौली से कोटेदार के भ्रष्टाचार की शिकायत की।इस कड़ाके की ठंड मे गाँव के कार्ड धारक राम खेलावन,सीमा देवी,राम लली,मंजू देवी,प्रहलाद,राम आधार,दान बहादुर,धर्म राज,सिया राम,शिव पलटन,अखिलेश रागिनी,जवाहर,शहर बानो,राम राज,राधे श्याम,केशव राम,नाजमीन,अनिल कुमार,पिंटू लोधी,सरिता कुमारी व ग्राम प्रधान लाल चन्द्र आदि ने एसडीएम से शिकायत किया कि गाँव करीम पुर का कोटेदार काफी दिनो से अन्तयोदय कार्ड धारको से रुपया 85 के स्थान पर सौ रुपये लेकर अनाज देता है वही पात्र गृहस्थी के कार्ड धारको से भी प्रति यूनिट 12 रुपये के स्थान 15 रुपये लेकर राशन दिया गया ऊपर से घटतौली बराबर करते आ रहे है। वही पचासों कार्ड धारक ऐसे भी है जिनका अंगूठा लग जाने के बाद कहते तुम्हारा अंगूठा नही लगा रहा है।वही कुछ का अंगूठा लगवा कर कहते है राशन कम हो गया है आने पर दिया जाएगा।इसके अलावा प्रति कार्ड पाँच किलो राशन कम दिया जाता है इसके जबाब मे कहते है भाड़ा देना पड़ता है गोदाम से भी कम मिलता है ज्यादा बोलोगे या कही शिकायत किया तो राशन कार्ड कटवा देंगे।वही इस सम्बन्ध मे एसडीएम रुदौली स्वप्निल यादव ने बताया कि शिकायत मिली है मामले की जांच नायब तहसीलदार रुदौली से कराई जाएगी दोषी पाने पर कार्यवाही कराई जाएगी।

## यूपी में छुट्टा गोवंश की परेशानी पर सरकार जागी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) उत्तर प्रदेश में किसानों को छुट्टा पशुओं से हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिये राज्य के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शुक्रवार को सभी जिलाधिकारियों को छुट्टा पशुओं को गौशालाओं में भिजवाने और औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं।श्री मिश्र ने प्रदेश के सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों, मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों तथा जिला पंचायतराज अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर गोआश्रय केन्द्रों के इंतजामों तथा छुट्टा गोवंशों की स्थिति की जनपदवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के अधिकांश ग्रामीण इलाकों में छुट्टा पशुओं की समस्या ने शीतलहर के दौरान किसानों की मुसीबत बढ़ा दी है। इस बैठक में मिश्र ने छुट्टा गोवंश के संरक्षण को लेकर हुये काम को संतोषजनक बताते हुये कहा कि प्रदेश के 5500 से अधिक गोआश्रय केन्द्रों में 08 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि कतिपय जिलों में छुट्टा गोवंशों से किसानों को तकलीफ एवं उनकी फसलों के नुकसान की शिकायतें मिलने पर 15 दिन का विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें करीब 1.50 लाख गोवंशों को पकड़कर आश्रय केन्द्रों में भेजा गया।उन्होंने बताया कि गोवंश आश्रय केन्द्रों की व्यवस्थाओं आदि के लिए सभी 75 जिलों को कुल 100 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी गो-आश्रय स्थलों में गोवंशों के लिए शेड, चारा, भूसा, पानी, अलाव आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें। मिश्र ने अधिकारियों से कहा कि जिला मुख्यालय से टीमें भेजकर गोवंश आश्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण भी कराया जाये।उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी भी छुट्टा गोवंशों की शिकायतें आ रही हैं और वर्तमान संचालित गोआश्रय स्थलों में जगह नहीं है, वहां पर जरूरत के अनुसार मनरेगा से अस्थाई गोआश्रय स्थल पूर्व की भांति बनवा दिये जायें। साथ ही इनमें संरक्षित पशुओं के लिए चारा, भूसा, पानी, अलाव आदि की व्यवस्था पशुधन विभाग द्वारा की जाये। मुख्य सचिव ने पूरे प्रदेश में शीतलहर जारी होने का हवाला देते हुये कहा कि किसानों को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए और न ही उनकी फसलों को छुट्टा गोवंशों के कारण कोई नुकसान होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा और अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश कुमार अवस्थी सहित अन्य संबद्ध विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय- हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता-ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक- श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0-7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या - 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार-पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।